न्यायालय सहायक कलक्टर बडीसादडी

पीठासीन अधिकारी :– श्री प्रवीण कुमार मीणा आर.ए.एस
प्रकरण संख्या :– 1/2024 ई.रे.

शोभालाल बनाम तहसीलदार वगैरह

अपील नामान्तरण संख्या–550

// आदेश // **दिनांक :– 27/11/2025**

प्रकरण के संक्षेप मे तथ्य इस प्रकार है रेस्पोडेण्ट संख्या 2 से 4 की ओर से प्रार्थना पत्र बाबत निरस्त किये जाने अपील का पेश किया कि उक्त प्रकरण में पेशी वास्ते जवाब हेतु नियत है तथा अपीलाण्ट ने उक्त अपील संख्या 550 दिनांकं 12.04.2024 को तहसीलदार बडीसादडी द्वारा तस्दीक किये गये नामान्तरण की है जो अपील के हेडींग से ही स्पष्ट है कि अपीलाण्ट द्वारा पेश अपील तहसीलदार बडीसादडी द्वारा तस्दीक किये गए नामान्तरण को निरस्त कराना चाहता है उक्त अपील का श्रवणाधिकार व क्षेत्राधिकार न्यायालय आप नहीं होने से निरस्त की जाना न्यायोचित है। अतः प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन है कि रेस्पोडेण्ट द्वारा पेश प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर अपीलाण्ट की अपील निरस्त फरमाई जाने का आदेश प्रदान करावे।

वकील अपीलान्ट द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र का जवाब नहीं देने से जवाब बंद दिया गया। वकील उभयपक्ष की उक्त प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई।

हमारे द्वारा प्रकरण संख्या 1/2024 का अवलोकन किया गया और प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया गया ।

प्रकरण मे अपीलाण्ट द्वारा पेश अपील तहसीलदार बडीसादडी द्वारा तस्दीक किये गए नामान्तरण को निरस्त कराना चाहता है। चूंकि उक्त अपील का श्रवणाधिकार व क्षेत्राधिकार न्यायालय सहायक कलक्टर बडीसादडी नहीं होने से निरस्त की जाना न्यायोचित है। अतः अपीलान्ट की अपील खारिज की जाती है।

निर्णय सरे ईजलास लिखाया जाकर सुनाया गया।

(प्रवीण कुमार मीणा)
सहायक कलक्टर
बडीसादडी

Signature Not Verified

Digitally signed by Praveen Kumar Meena
Date: 2026.03.27 10:21:09 IST
Reason: SelfAttested